# A

**19213** **120 MINUTES**

1. इस्तवार द ला लिटरेत्यूर एंदुई एंदुस्तानी' किस भाषा में लिखा गया इतिहास ग्रंथ है?
   A) फ्रेंच B) जर्मन C) लाटिन D) इटालियन

2. 'हिंदी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास' किसके द्वारा लिखित है?
   A) गणपतिचंद्र गुप्त B) महावीरप्रसाद द्विवेदी
   C) बच्चन सिंह D) नगेंद्र

3. 'पउम चरिउ' के रचयिता कौन हैं?
   A) पुष्पदंत B) स्वयंभू C) सरहपा D) जिनदत्त सूरि

4. 'झांसी की रानी' उपन्यास के लेखक कौन हैं?
   A) अमृतलाल नागर B) चतुर्सेन शास्त्री
   C) देवकीनंदन खत्री D) वृंदावन लाल वर्मा

5. 'नदी को बहने दो' कविता संग्रह किसका है?
   A) ए. अरविंदाक्षन B) एम. षणमुखन
   C) पी.वी. विजयन D) एन. रामन नायर

6. 'विशिष्टाद्वैतवाद' के प्रवर्तक आचार्य कौन हैं?
   A) वल्लभाचार्य B) मध्वाचार्य C) रामानुज D) रामानंद

7. 'प्रेमवाटिका' किसकी रचना है?
   A) रसखान B) जायसी C) रहीम D) तुलसीदास

8. 'कविता की संस्कृति' किसकी रचना है?
   A) ए. अरविंदाक्षन B) एन. ई. विश्वनाथ अय्यर
   C) एन. चंद्रशेखरन नायर D) एम. तंकमणि अम्मा

9. 'अखरावट' किसकी रचना है?
   A) जायसी B) कुतुबन C) शेख नवी D) नूर मुहम्मद

10. ‘कथा एक प्रांतर की’ शीर्षक अनूदित ग्रंथ किसका है?

A) आर. सुरेंद्रन B) वी. डी. कृष्णन नंबियार
C) पी. कृष्णन D) वी. के. हरिहरन उण्णित्तान

11. ‘बंगदूत’ पत्रिका कहां से प्रकाशित होती थी?

A) दिल्ली B) कानपुर C) भोपाल D) कोलकत्ता

12. ‘तद्भव’ पत्रिका के वर्तमान संपादक कौन हैं?

A) अखिलेश B) विजय अग्रवाल
C) आशुतोष D) एकांत श्रीवास्तव

13. ‘ह’ किस कोटि का ध्वनि व्यंजन है?

A) ऊष्म B) अंतस्थ C) मूर्धन्य D) कंठ्य

14. जयशंकर प्रसाद की पहली कहानी का नाम क्या है?

A) आकाशदीप B) छाया C) प्रतिध्वनि D) ग्राम

15. ‘साहित्य जनसमूह के हृदय का विकास है।’ यह किसका कथन है?

A) महावीर प्रसाद द्विवेदी B) माधव प्रसाद मिश्र
C) बालकृष्ण भट्ट D) पद्मसिंह शर्मा

16. ’समकालीन कविता का व्याकरण’ किसकी आलोचनात्मक रचना है?

A) विश्वनाथ प्रसाद तिवारी B) अशोक वाजपेयी
C) परमानंद श्रीवास्तव D) डा.रघुवंश

17. ‘पूर्वी हिंदी’ का विकास किस अपभ्रंश से हुआ?

A) अर्ध मागधी B) शौरसेनी C) व्राचड़ D) महाराष्ट्री

18. ‘हिमतरंगिणी’ के लेखक कौन हैं?

A) सियारामशरण गुप्त B) बालकृष्ण शर्मा ‘नवीन’
C) सुभद्राकुमारी चौहान D) माखनलाल चतुर्वेदी

19. ‘राग दरबारी’ किस विधा की रचना है?

A) नाटक B) कहानी C) उपन्यास D) कविता संग्रह

20. हिंदी साहित्य के काल विभाजन का पहला प्रयास किसने किया?

A) गार्सा द तासी B) ग्रियर्सन C) रामचंद्र शुक्ल D) मिश्रबंधु

21. 'मिश्रबंधु विनोद' कितने खंडों में प्रकाशित हुआ है?
A) तीन B) दो C) चार D) एक

22. 'परमात्म प्रकाश' किसकी रचना है?
A) जोईंदु B) पुष्पदंत C) जिनदत्त सूरि D) आसुग

23. 'घर निकासी' किसका काव्य संकलन है?
A) नीलेश रघुवंशी B) निर्मला पुतुल
C) रंजना जयसवाल D) निर्मला गर्ग

24. 'शुद्धाद्वैतवाद' के प्रवर्तक आचार्य कौन हैं?
A) वल्लभाचार्य B) रामानंद C) रामानुज D) ज्ञानदेव

25. 'मेरौ तो गिरिधर गोपाल दूसरौ न कोई' किसकी पंक्ति है?
A) रसखान B) नंददास C) मीराबाई D) सूरदास

26. इनमें से यण संधि का उदाहरण कौन सा है?
A) पावक B) अन्वय C) सदैव D) वागीश

27. 'नासिकेतोपाख्यान' के रचनाकार कौन हैं?
A) इंशाअल्ला खां B) सदासुख लाल
C) सदलमिश्र D) लल्लू लाल

28. 'मिलन' और 'पथिक' किसके काव्य संग्रह हैं?
A) रामनरेश त्रिपाठी B) राधाकृष्ण दास
C) राधाचरण गोस्वामी D) दुर्गादत्त व्यास

29. गजानन माधव 'मुक्तिबोध' किस सप्तक के कवि हैं?
A) चौथा सप्तक B) तारसप्तक C) दूसरा सप्तक D) तीसरा सप्तक

30. 'राजा भोज का सपना' किसका निबंध है?
A) लाला श्रीनिवास दास B) माधव प्रसाद मिश्र
C) शिवप्रसाद सितारे 'हिंद' D) बालमुकुंद गुप्त

31. प्रताप सहगल का नाटक 'रंगबसंती' किसके जीवन पर आधारित है?
A) गाँधीजी B) भगत सिंह
C) चंद्रशेखर आजाद D) नेहरू

32. ‘लघुमानव के बहाने हिंदी कविता पर एक बहस’ किसका आलोचनात्मक निबंध है?

A) मलयज  B) मुक्तिबोध

C) विजयदेव नारायण ‘साही’  D) लक्ष्मीकांत वर्मा

33. ‘अर्धकथानक’ किसकी आत्मकथा है?

A) राहुल सांकृत्यायन  B) गुलाबराय

C) महावीर प्रसाद द्विवेदी  D) बनारसीदास जैन

34. ‘आनंदकादंबिनी’ पत्रिका के संपादक कौन थे?

A) राधाकृष्णदास  B) प्रतापनारायण मिश्र

C) बद्रीनारायण चौधरी ‘प्रेमघन’  D) लाला श्रीनिवासदास

35. ‘वागर्थ’ पत्रिका कहां से निकलती है?

A) दिल्ली  B) कानपुर  C) प्रयाग  D) कोलकत्ता

36. ‘निराला से बढ़कर स्वच्छंदतावादी कवि हिंदी में कोई नहीं है’– यह किसका कथन है?

A) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी  B) रामविलास शर्मा

C) नंददुलारे वाजपेयी  D) नंद किशोर नवल

37. ‘दीवार में एक खिड़की रहती थी’ किसकी रचना है?

A) विनोद कुमार शुक्ल  B) नरेंद्र कोहली

C) ज्ञानरंजन  D) दूधनाथ सिंह

38. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी साहित्य के ‘उत्तर मध्यकाल’ को किस नाम से अभिहित किया है?

A) श्रृंगारकाल  B) रीति काल

C) अलंकृत काल  D) भक्तिकाल

39. हिंदी साहित्य के आदिकाल को ‘सिद्ध-सामंतकाल’ किसने कहा?

A) रामकुमार वर्मा  B) ग्रियर्सन

C) चंद्रधर शर्मा गुलेरी  D) राहुल साङकृत्यायन

40. सिद्धों की संख्या कितनी मानी जाती है?

A) 108  B) 84  C) 152  D) 36

41. मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यास “इदन्नमम” की नायिका कौन है?

A) मायासेन  B) भुवन मोहिनी  C) नेहा  D) मंदाकिनी

42. ‘संदेशरासक’ किस कोटि का काव्य है?

A) विरह काव्य B) वीर काव्य

C) श्रृंगार काव्य D) नीति काव्य

43. आलवार भक्तों की संख्या कितनी है?

A) 11 B) 10 C) 12 D) 9

44. ‘भक्तमाल’ किसकी रचना है?

A) नाभादास B) नंददास C) गोकुलदास D) परमानंददास

45. ‘दशरथ सुत तिहुं लोक बखाना/राम नाम का मरम है आना’– किसकी पंक्तियां हैं?

A) कबीरदास B) केशवदास C) तुलसीदास D) चैतन्य महाप्रभु

46. ‘कबीर वाणी के डिक्टेक्टर थे’ यह किसका कथन है?

A) रामकुमार वर्मा B) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

C) रामचंद्र शुक्ल D) वासुदेव सिंह

47. रविदास, पीपा और धन्ना के गुरु कौन थे?

A) रामानुज B) वल्लभाचार्य C) मध्वाचार्य D) रामानंद

48. जयशंकर प्रसाद का काव्य-संग्रह ‘चित्राधार’ की भाषा कौन-सी है?

A) खड़ीबोली B) संस्कृत C) अवधी D) ब्रज

49. ‘तगण’ का संकेत चिह्न कौन सा है?

A) S I I B) S I S C) I I S D) S S I

50. ‘गबन’ किसका उपन्यास है?

A) जैनेंद्र B) इलाचंद्र जोशी C) प्रसाद D) प्रेमचंद

51. ‘कविता के नए प्रतिमान’ किसकी आलोचनात्क रचना है?

A) लक्ष्मीकांत वर्मा B) विजयदेव नारायण साही

C) मलयज D) नामवर सिंह

52. भगवतीचरण वर्मा के उपन्यासों को कालक्रमानुसार लिखिए।

A) भूले बिसरे चित्र, सबहि नचावत रामगोसाई, चित्रलेखा

B) भूले बिसरे चित्र, चित्रलेखा, सबहि नचावत रामगोसाई

C) चित्रलेखा, भूले बिसरे चित्र, सबहि नचावत रामगोसाई

D) चित्रलेखा, सबहि नचावत रामगोसाई, भूले बिसरे चित्र

53. ‘वरुण के बेटे’ उपन्यास के लेखक का नाम बताइए?

A) अमृतलाल नागर B) नागार्जुन

C) फणीश्वरनाथ रेणु D) भगवतीचरण वर्मा

54. ‘नई कविता का आत्मसंघर्ष’ किसका आलोचनात्मक ग्रंथ है?

A) जगदीश गुप्त B) रामविलास शर्मा

C) प्रभाकर माचवे D) मुक्तिबोध

55. ‘दुखवा मैं का से कहूं’ शीर्षक कहानी के लेखक कौन हैं?

A) चंद्रधर शर्मा गुलेरी B) रांगेय राघव

C) वृंदावनलाल वर्मा D) चतुरसेन शास्त्री

56. ‘पृथ्वीराज की आंखें’ किसकी एकांकी है?

A) रामकुमार वर्मा B) उदयशंकर भट्ट

C) सेठ गोविंददास D) जगदीशचद्र माथुर

57. ‘वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग’ की स्थापना कब हुई?

A) 1961 B) 1963 C) 1964 D) 1960

58. ‘राजभाषा संकल्प’ कब पारित हुआ?

A) 1967 B) 1966 C) 1968 D) 1965

59. ‘मिठास’ किस प्रकार की संज्ञा है?

A) व्यक्तिवाचक B) भाववाचक

C) जातिवाचक D) पदार्थवाचक

60. ‘यथाशक्ति’ शब्द का समास बताइए।

A) तत्पुरुष B) अव्ययीभाव

C) कर्मधारय D) बहुव्रीहि

61. स्थापना A: शुक्लजी ने अपने व्यापक ,गंभीर अध्ययन और विश्लेषण बुद्धि के द्वारा हिन्दी समालोचना को अभूतपूर्व उत्कर्ष प्रदान किया ।

तर्क R: उनकी आलोचना पूर्वाग्रह और अनुदारता से बिलकुल मुक्त है।

A) A और R दोनों सही B) A और R दोनों गलत

C) A सही और R गलत D) A गलत और R सही

62. ‘हिंदी काव्यधारा’ के रचनाकार कौन हैं?

A) रामस्वरूप चतुर्वेदी B) श्यामसुंदर दास

C) राहुल सांकृत्यायन D) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

63. ‘बौद्धगान और दोहा’ का संपादन किसने किया?

A) प्रबोधचंद्र बागची B) श्यामसुंदर दास

C) विनयतोष भट्टाचार्य D) हरप्रसाद शास्त्री

64. ‘देसिल बअना सब जन मिट्ठा’ किस रचना से उद्धृत है?

A) कीर्तिपताका B) भूपरिक्रमा

C) कीर्तिलता D) दुर्गाभक्त तरंगिणी

65. ‘बीजक’ का संकलन किसने किया?

A) धर्मदास B) कबीरदास C) मालूकदास D) लालदास

66. ‘मानस का हंस’ किसकी रचना है?

A) जगदीश चंद्र B) अमृतलाल नागर

C) हज़ारीप्रसाद द्विवेदी D) भगवतीचरण वर्मा

67. प्राणचंद्र चौहान की प्रसिद्ध रचना का नाम बताइए।

A) रामरासो B) अध्यात्मरामायण

C) हनुमन्नाटक D) रामायण महानाटक

68. “गोरख जगायो जोग/भगति भगायो लोग।” ये पंक्तियां किस रचना से ली गई हैं?

A) कवितावली B) दोहावली

C) विनयपत्रिका D) रामचरितमानस

69. चैतन्य महाप्रभु किस संप्रदाय के अनुयायी हैं?

A) गौड़ीय B) रुद्र

C) सखी D) राधावल्लभ संप्रदाय

70. नंददास के गुरु कौन थे?

A) सूरदास B) वल्लभाचार्य C) विट्ठलनाथ D) कुंभनदास

71. ‘कश्मीर सुषमा’ किसका काव्य संकलन है?

A) प्रसाद B) पंत C) निराला D) श्रीधर पाठक

72. ‘हिंदी में छायावाद’ शीर्षक निबंध का प्रकाशन किस पत्रिका में हुआ?

A) सरस्वती B) माधुरी C) श्रीशारदा D) मतवाला

73. सूर्यकांत त्रिपाठी ‘निराला’ किस छंद को हिंदी का जातीय छंद कहते हैं?

A) कवित्त B) दोहा C) छप्पय D) चौपाई

74. ‘सप्तपर्णा’ किसकी रचना है?

A) महादेवी वर्मा B) प्रसाद C) निराला D) पंत

75. बच्चन की निम्नलिखित रचनाओं को कालक्रमानुसार लिखिए।

A) मधुशाला, मधुकलश, निशानिमंत्रण, बंगाल का अकाल

B) मधुशाला, मधुकलश, बंगाल का अकाल, निशानिमंत्रण

C) मधुकलश, निशानिमंत्रण, बंगाल का अकाल, मधुशाला

D) मधुकलश, मधुशाला, निशानिमंत्रण, बंगाल का अकाल

76. केदारनाथ अग्रवाल की निम्नलिखित रचनाओं को काल क्रमानुसार लिखिए।

A) पंख और पतवार, युग की गंगा, अपूर्वा, पुष्पदीप

B) युग की गंगा, पंख और पतवार, पुष्पदीप, अपूर्वा

C) युग की गंगा, पंख और पतवार, अपूर्वा, पुष्पदीप

D) युग की गंगा, अपूर्वा, पुष्पदीप, पंख और पतवार

77. त्रिलोचन को ‘अवध का किसान कवि’ किसने कहा?

A) मुक्तिबोध B) मैनेजर पांडेय C) नामवर सिंह D) बच्चन सिंह

78. किसने प्रयोगवाद को ‘शैलीगत विद्रोह’ कहा है?

A) नलिन विलोचन शर्मा B) केसरी कुमार

C) रघुवीर सहाय D) नगेंद्र

79. ‘नई कविता’ पत्रिका के संपादक कौन हैं?

A) जगदीश गुप्त B) अज्ञेय C) नरेश मेहता D) केसरी कुमार

80. Authority केलिए प्रयुक्त पारिभाषिक शब्द कौन सा है?

A) अधिसूचना B) अनुरक्षण C) प्राधिकरण D) पृष्ठांकन

81. ‘कवियों के कवि’ के रूप में विख्यात कवि कौन हैं?

A) मुक्तिबोध B) निराला

C) शमशेर बहादुर सिंह D) अज्ञेय

82. ‘सतपुड़ा के जंगल’ किसकी कविता है?

A) शकुंतला माथुर B) भवानी प्रसाद मिश्र

C) धर्मवीर भारती D) केदारनाथ सिंह

83. ‘अकविता’ पत्रिका के संपादक कौन थे?

A) प्रभाकर माचवे B) श्याम परमार C) श्रीराम शुक्ल D) शलभ श्री रामसिंह

84. ‘अनुष्टुप’ किसका कविता संग्रह है?

A) अनामिका B) निर्मला पुतुल

C) कात्यायनी D) नीलेश रघुवंशी

85. ‘कार्नेलिया’ प्रसाद के किस नाटक का पात्र है?

A) चंद्रगुप्त B) स्कंधगुप्त C) अजातशत्रु D) ध्रुवस्वामिनी

86. ‘संग्राम’ नाटक के रचयिता कौन है?

A) हरिकृष्ण प्रेमी B) चतुरसेन शाश्त्री

C) उपेद्रनाथ अश्क D) प्रेमचंद

87. स्थापना **A:** नुक्कड नाटककारों ने जाति पाँति ,ऊँच नीच ,सांप्रदायिकता,दहेज,भ्रष्टाचार और शोषण के खिलाफ अपना स्वर ऊँचा किया ।

तर्क **R:** विशेष प्रकार की मंच सज्जा के द्वारा उन्होंने इसे सफलता के साथ जनता के सामने प्रस्तुत किया ।

A) A और R सही B) A और R गलत

C) A सही R गलत D) A गलत R सही

88. भीष्म साहनी के नाटकों का कालक्रम से सजाइए।

A) हानूश, कबिरा खड़ा बाज़ार में, माधवी, आलमगीर

B) हानूश, कबिरा खड़ा बाज़ार में, आलमगीर, माधवी

C) कबिरा खड़ा बाज़ार में, हानूश, माधवी, आलमगीर

D) कबिरा खड़ा बाज़ार में, माधवी, आलमगीर, हानूश

89. ‘प्राकृताभास हिन्दी’ नाम पुरानी हिन्दी केलिए किसके द्वारा प्रयुक्त हुआ था ?

A) चन्द्रधरशर्मा गुलेरी B) शुक्लजी

C) नंददुलारे वाजपेयी D) गुलाब राय

90. ‘झीनी झीनी बीनी चदरिया’ किसका उपन्यास है?

A) अब्दुल बिस्मिल्लाह B) विश्वंभरनाथ उपाध्याय
C) बदीउज्जमां D) मुद्राराक्षस

91. ‘जंगल जहां शुरू होता है’ किसका उपन्यास है?

A) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना B) संजीव
C) राजेद्र यादव D) रणेंद्र

92. ‘सेज पर संस्कृत’ किसका उपन्यास है?

A) प्रभा खेतान B) गीतांजलि श्री
C) चित्रा मुद्गल D) मधु कांकरिया

93. ‘मानसरोवर’ किसका कहानी संकलन है?

A) प्रेमचंद B) अज्ञेय
C) वृंदावन लाल वर्मा D) जैनेंद्र कुमार

94. ‘सचेतन कहानी’ आंदोलन के प्रवर्तक कौन हैं?

A) गंगा प्रसाद विमल B) कमलेश्वर
C) महीप सिंह D) अमृतराय

95. ‘तिरिछ’ किसकी कहानी है?

A) नरेंद्र कोहली B) गोविंद मिश्र C) उदय प्रकाश D) शानी

96. ‘कसाई बाड़ा’ किसकी कहानी है?

A) शिवमूर्ति B) ज्ञानरंजन C) निर्मल वर्मा D) अखिलेश

97. ‘हीरामन’ रेणु की किस कहानी का पात्र है?

A) पंचलाइट B) तीसरी कसम
C) तीन बिंदिया D) लाल पान की बेगम

98. ‘यमलोक की यत्रा’ शीर्षक निबंध के लेखक कौन हैं?

A) राधाचरण गोस्वामी B) लाला श्रीनिवासदास
C) भारतेंदु D) मोहनलाल विष्णुलाल पांड्या

99. ‘तुम चंदन हम पानी’ निबंध के लेखक का नाम बताइए?

A) इंद्रनाथ मदान B) कुबेरनाथ राय
C) विद्यानिवास मिश्र D) शिव प्रसाद सिंह

100. ‘आस्था और सौंदर्य’ नामक निबंध संग्रह के रचयिता कौन हैं?

A) हजारीप्रसाद द्विवेदी B) भगीरथ मिश्र

C) श्रीलाल शुक्ल D) रामविलास शर्मा

101. ‘हिंदी साहित्यः बीसवीं शती’ किसकी आलोचनात्मक रचना है?

A) नगेंद्र B) रामस्वरूप चतुर्वेदी

C) नंद दुलारे वाजपेयी D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

102. ‘लोकवादी तुलसीदास’ के लेखक कौन हैं?

A) शिवकुमार मिश्र B) विश्वनाथ त्रिपाठी

C) विश्वंभरनाथ उपाध्याय D) रामचंद्र शुक्ल

103. ‘अकथ कहानी प्रेम की’ शीर्षक आलोचनात्मक ग्रंथ के लेखक कौन हैं?

A) केदारनाथ सिंह B) सुधीश पचौरी

C) धर्मवीर D) पुरुषोत्तम अग्रवाल

104. ‘अन्या से अनन्या’ किसकी आत्मकथा है?

A) प्रभा खेतान B) निर्मला गर्ग

C) रमणिका गुप्ता D) मैत्रेयी पुष्पा

105. ‘माटी की मूरतें’ शीर्षक रेखाचित्र के लेखक कौन हैं?

A) श्रीराम शर्मा B) रामवृक्ष बेनीपुरी

C) महादेवी वर्मा D) विष्णु प्रभाकर

106. ‘व्यास सम्मान’ से पुरस्कृत विश्वनाथ त्रिपाठी की रचना कौन सी है?

A) आम के पत्ते B) कविता का अर्थात्

C) व्योमकेश दरवेश D) आलोचना का पक्ष

107. ‘प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन’ कहां संपन्न हुआ?

A) दिल्ली B) बनारस C) नागपुर D) लखनऊ

108. ‘औचित्य संप्रदाय’ के प्रवर्तक आचार्य कौन हैं?

A) कुंतक B) क्षेमेंद्र C) अभिनवगुप्त D) दंडी

109. “तद्दोषौ शब्दार्थौ सगुणावलंकृति पुनःक्वापि” किसका कथन है?

A) कुंतक B) राजशेखर C) वामन D) मम्मट

110. “कविता हमारे परिपूर्ण क्षणों की वाणी है” किसका मत है?

A) प्रसाद B) पंत C) महादेवी वर्मा D) निराला

111. “प्रज्ञा नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा मताः” किसकी उक्ति है?

A) भट्टतौत B) राजशेखर

C) पंडित राज जगन्नाथ D) अभिनवगुप्त

112. “सोहत ओढ़े पीट-पट, श्याम सलोने गात
मानो नील मणि शैल पर, आतप परयो प्रभात” इन पंक्तियों में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है?

A) उत्प्रेक्षा B) भ्रांतिमान C) प्रतीप D) संदेह

113. ‘सोरठा’ छंद में कितनी मात्राएं होती हैं?

A) 22 B) 23 C) 25 D) 24

114. अरस्तू के अनुसार दुखांत नाटक के कितने तत्व होते हैं?

A) 5 B) 4 C) 6 D) 7

115. ‘लिरिकल बैलड्स’ का प्रकाशन कब हुआ?

A) 1789 B) 1798 C) 1788 D) 1799

116. ‘परंपरा और वैयक्तिक प्रज्ञा’ किसका निबंध है?

A) ड्राइडन B) टी.एस इलियट C) कॉलरिज D) वड्र्स वर्थ

117. ‘न्यू क्रिटिसिज्म’ शब्द के प्रथम प्रयोग करने का श्रेय किसको जाता है?

A) आई. ए. रिचाड्र्स B) टी. एस इलियट

C) स्पिनगर्न D) विलियम एम्पसन

118. ‘लेखक की मृत्यु’ की घोषणा किसने की?

A) रोलां बार्थ B) जैक दरिदा C) लायन ट्रिलिंग D) डैनियल बेल

119. ‘संरचनावाद’ की अवधारणा का विकास किसने किया?

A) डानियस जोन्स B) अल्वर्ट कामू

C) ब्लूमफील्ड D) फर्दिनाद डी सोस्यूर

120. ‘झोंपड़ी से राजभवन तक’ के लेखक कौन हैं?

A) माता प्रसाद B) सूरजपाल चौहान

C) कंवल भारती D) मोहनदास नैमिषराय

-------------------------